

# अध्याय 8 सममिति

राधा, अनिल और अंजली एक रोटी को बराबर भागों में बाँटना चाहते हैं। उन्होंने रोटी को इस प्रकार काटा कि वह ठीक दो बराबर भागों में बँट गई। जैसे–



नीचे कुछ आकृतियाँ दी गई हैं। सुमित ने इनके दो-दो टुकड़ें किए हैं। बताइए, कौन-कौन सी आकृतियाँ ठीक दो बराबर भागों में बटी हैं और कौन-सी नहीं?





WEB COPY NOT TO BE REPUBLISHED

जो आकृतियाँ ठीक दो बराबर भागों में बँट जाती हैं, वे सममित आकृतियाँ कहलाती है और बाँटने वाली रेखा सममिति रेखा या अक्ष कहलाती है। इसी प्रकार जब ठोस वस्तुओं को काटते हैं तो एक समान तल मिलता है, उसे सममित तल कहते हैं। पूर्व के पृष्ठ पर जो आकृतियाँ बराबर नहीं बँटी है, उन्हें आप दूसरी तरह से काटकर बराबर भागों में बाँट सकते हैं। इस प्रकार वे वस्तुएँ जिनको दो समान भागों में बाँटा जाता है, वे सममित वस्तुएँ कहलाती हैं।

नीचे कुछ चीज़ों के चित्र दिए गए हैं। बताइए, कौन-कौन-सी वस्तुएँ सममित हैं। अर्थात् चीज़ों को ठीक दो भागों में इस प्रकार बांटिए कि दो एक जैसी आकृतियाँ मिले।





नीलू और टीनू ने बैंगन को दो बराबर भागों में काटा है।




नीलू टीनू


किसने सममित आकृतियों में काटा है।

जिस तल के अनुसार काट कर सममित आकृतियाँ प्राप्त होती है वह सममित तल कहलाता है।

नीचे दी गई आकृतियों में सममित अक्ष बनाया गया है।



आप भी नीचे बनी आकृतियों के सममित अक्ष बनाइए।



**सममित तल ढूँढ़िए–**

भिण्डी, बैंगन, लौकी, टमाटर इत्यादि को अलग–अलग तरीकों से काटिये और बताइए किस–किस तरह से काटने से सममित आकृति प्राप्त होती है।